# समाहरणालय, दरभंगा
## (जिला पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण कार्यालय)

### कार्यालय आदेश

पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार, पटना द्वारा संचालित जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास सुन्दरपुर बेला, दरभंगा में कुल–18 रिक्तियों के विरूद्ध एवं अन्य पिछड़ा वर्ग छात्रावास (राज उच्च विद्यालय कैम्पस) लालबाग, दरभंगा में कुल–23 रिक्तियों के विरूद्ध ऑनलाईन आवेदन दिनांक–01.06.2026 से दिनांक–30.06.2026 तक निर्धारित थी। दरभंगा जिला अंतर्गत संचालित विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में इंटरमीडिएट, ग्रेजुएशन तथा अन्य कोर्सो में नामांकन हेतु आवेदन प्रक्रियाधीन है जिसके कारण बिना नामांकन रसीद के बहुत संख्या में योग्य छात्र आवेदन नहीं कर पा रहे है।

अतः छात्रों के हितो को ध्यान में रखते हुये ऑनलाईन माध्यम से आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि–30.06.2026 से विस्तारित करते हुए दिनांक–10.07.2026 तक की जाती है।

विश्वासभाजन

जिला पि०वर्ग एवं अति पि०वर्ग,
कल्याण पदाधिकारी, दरभंगा।

ज्ञापांक–307 दिनांक–25/6/26 /

प्रतिलिपि :– नोडल पदाधिकारी, जननायक कर्पूरी ठाकुर कल्याण छात्रावास–सह–अनुमंडल पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण पदाधिकारी, बेनीपुर, दरभंगा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी, दरभंगा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– उप निदेशक पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

25/6/26

जिला पि०वर्ग एवं अति पि०वर्ग,
कल्याण पदाधिकारी, दरभंगा।

Vidhyanand jee378

Scanned with OKEN Scanner

# समाहरणालय, दरभंगा
## (जिला पि0वर्ग एवं अति पि0वर्ग कल्याण कार्यालय)

पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार, पटना के अन्तर्गत दरभंगा जिला में संचालित अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास +2 राज हाई स्कूल परिसर लालबाग, दरभंगा एवं जननायक कर्पूरी ठाकुर कल्याण छात्रावास, सुन्दरपुर बेला, दरभंगा में शैक्षणिक सत्र 2026–27 में नामांकन के लिए विज्ञापन का प्रकाशन किया जाता है। जिसकी आवासन क्षमता एवं रिक्त स्थानों की विवरणी निम्नवत् है :–

| क्रमांक | विवरणी | कोटि | आवासन क्षमता | रिक्त स्थानों की संख्या | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास, +2 राज हाई स्कूल परिसर लालबाग, दरभंगा। | पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग | 100 | BC 13<br>EBC 10<br>कुल 23 | |
| 02 | जननायक कर्पूरी ठाकुर कल्याण छात्रावास, सुन्दरपुर बेला, दरभंगा। | अति पिछड़ा वर्ग | 100 | 18 (EBC) | |

उक्त छात्रावास में नामांकन हेतु आवेदन पत्र सूचना प्रकाशन के साथ दिनांक–01.06.2026 से दिनांक–30.06.2026 तक ऑनलाईन पोर्टल https://bcebconline.bihar.gov.in/cay/Default.aspx के माध्यम से प्राप्त किये जायेंगे। विशेष जानकारी के लिए जिला पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण कार्यालय, दरभंगा से छात्र/अभिभावक प्रत्येक कार्य दिवस को 2:00 बजे अपराह्न से 4:00 बजे अपराह्न तक सम्पर्क कर सकते है।

### नामांकन की शर्ते :–

### अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास, +2 राज हाई स्कूल

1. आवेदक बिहार राज्य के निवासी हो।
2. आवेदक पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग का छात्र हो। **(अति पिछड़ा वर्ग के छात्र का पर्याप्त आवेदन नहीं प्राप्त होने पर पिछड़ा वर्ग के छात्रों का चयन होगा एवं पिछड़ा वर्ग के छात्र का पर्याप्त आवेदन नहीं प्राप्त होने पर अति पिछड़ा वर्ग के छात्रों का चयन होगा)**
3. आवेदक दरभंगा शहर स्थित किसी भी सरकारी/मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान में नामांकित हो।
4. अर्हत्ता प्राप्त आवेदकों में उच्च प्राप्तांक वाले छात्रों को प्राथमिकता दी जायेगी।
5. इंटरमीडिएट के छात्रों को प्राथमिकता दी जायेगी।
6. कुल आवंटित सीटों का 5% दिव्यांगजन के लिये आरक्षित होगी।

### जननायक कर्पूरी ठाकुर कल्याण छात्रावास, सुन्दरपुर बेला

1. आवेदक बिहार राज्य के निवासी हो।
2. आवेदक अति पिछड़ा वर्ग का छात्र हो। **(अति पिछड़ा वर्ग के छात्र का आवेदन नहीं प्राप्त होने पर पिछड़ा वर्ग के छात्रों का चयन होगा)**
3. आवेदक दरभंगा शहर स्थित किसी भी सरकारी/मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान में नामांकित हो।
4. अर्हत्ता प्राप्त आवेदकों में उच्च प्राप्तांक वाले छात्रों को प्राथमिकता दी जायेगी।
5. इंटरमीडिएट के छात्रों को प्राथमिकता दी जायेगी।
6. कुल आवंटित सीटों का 5% दिव्यांगजन के लिये आरक्षित होगी।

**आवश्यक दस्तावेज (Documents required):**

1. आवेदक के जन्म तिथि सहित मैट्रिक (कक्षा 10वीं) अथवा समकक्ष प्रमाण–पत्र अपलोड करना अनिवार्य है।
2. कक्षा 10वीं की अंक–पत्रिका अपलोड करना अनिवार्य है।
3. अंतिम उत्तीर्ण परीक्षा की अंक–पत्रिका अपलोड करना अनिवार्य है।
4. आधार कार्ड अपलोड करना अनिवार्य है।
5. जाति प्रमाण–पत्र अपलोड करना अनिवार्य है।
6. आवासीय प्रमाण–पत्र अपलोड करना अनिवार्य है।
7. आय प्रमाण–पत्र अपलोड करना अनिवार्य है।
8. आवेदक जिस विद्यालय/महाविद्यालय/विश्वविद्यालय/संस्थान में अध्ययनरत है, उसमें नामांकन से संबंधित प्रमाण–पत्र अपलोड करना अनिवार्य है।
9. आवेदक द्वारा जिस संस्थान में नामांकन लिया गया है, उस संस्थान के प्रधानाचार्य/संस्थान प्रमुख द्वारा छात्रावास में नामांकन हेतु अनुशंसा–पत्र, निर्धारित प्रपत्र में अपलोड करना अनिवार्य है।
10. बचत बैंक खाता विवरण, जिसमें बैंक का नाम, बैंक खाते में आवेदक का नाम, खाता संख्या एवं आई0एफ0एस0सी0 कोड शामिल हो।
11. अभ्यर्थी का पासपोर्ट आकार का फोटो अपलोड करना अनिवार्य है।
12. पिता का पासपोर्ट आकार का फोटो अपलोड करना अनिवार्य है।
13. आगंतुकों का पासपोर्ट आकार का फोटो अपलोड करना अनिवार्य है।
14. आवेदक के हस्ताक्षर की स्कैन की गई प्रति अपलोड करना अनिवार्य है।

**नोट :– 1. अधिक जानकारी के लिए विभागीय वेबसाइट का अवलोकन करें।**

**2. नामांकन प्रक्रिया के दौरान होने वाली रिक्तियों का समायोजन नियमानुसार किया जायेगा।**

23/5/26

जिला पि0वर्ग एवं अति पि0वर्ग,
कल्याण पदाधिकारी, दरभंगा।

23/5/26 23/5

Scanned with OKEN Scanner

about:blank

# Information & Public Relation Department, Govt. of Bihar

## e-Advertisement Acknowledgement Receipt:

| | | | |
|---|---|---|---|
| **Ad. ID:** | 198992 | **Ad. Date:** | 25-May-2026 |
| **Ad. Publish Date:** | 27-May-2026 | **Letter No and Date:** | 272/23-May-2026 |
| **Ad. Department/Office:** | Welfare Department, Darbhanga | **Advertiser Name:** | uday shankar choudhary |
| **Requested Location:** | Bihar All Edition | **Ad. Category:** | Print Media |
| **Advertiser Mob. No.:** | 8986915449 | **Advertiser Email:** | na@na.com |

Scanned with OKEN Scanner